# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साईं आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com

पत्र संख्या: 3206 / M-16 / 129 दिनांक: 08 /05 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " जल जीवन मिशन पाइपलाइन फटी, हजारों लीटर पानी बर्बादः रामपुर मथुरा में सड़क निर्माण से क्षतिग्रस्त, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " **जल जीवन मिशन पाइपलाइन फटी, हजारों लीटर पानी बर्बादः रामपुर मथुरा में सड़क निर्माण से क्षतिग्रस्त, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान** " शीर्षक से दिनांक 07.05.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत समनपुर माफी पाइप पेयजल योजना से सम्बिन्धत है।

विकास खण्ड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत समनपुर माफी पाइप पेयजल योजना का कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 के द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 11.579 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 551 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 11.570 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 360 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं। वर्तमान में योजनान्तर्गत क्लोरीन युक्त शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। समाचार पत्र में उल्लेखित पाइप लाइन लीकेज लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त होने से लीकेज की समस्या उत्पन्न हुयी हैं। उक्त प्रकरण को तत्काल संज्ञान में लेते हुये सम्बन्धित फर्म द्वारा मरम्मत कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। लीकेज बंद कराने एवं पाइप लाइन मरम्मत का कार्य प्रगति पर है **(संलग्नक फोटोग्राफ)**। साथ ही लोक निर्माण विभाग को सूचित कर दिया गया है कि भविष्य में सड़क निर्माण अथवा खुदाई कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व सम्बन्धित (जल निगम ग्रामीण सीतापुर) को अनिवार्य रूप से सूचना उपलब्ध करायें, जिससे पाइप लाइन को क्षति से बचाया जा सके एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।
2– जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
4– मे0 एन0सी0सी0 लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त का अनुपालन कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

UPJNR News Cutting 2026 S. Saini

Scanned with OKEN Scanner